सांध्य दैनिक

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

DGR Detective Group Report

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 146 | इंदौर, बुधवार 11 दिसंबर, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

# सियाराम बाबा ने त्यागी देह

## 100 साल से अधिक आयु के थे आज शाम को निकलेगा डोला



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। निमाड़ के संत सियाराम बाबा ने आज बुधवार को मोक्षदा एकादशी पर सुबह 6 बजकर 10 मिनट पर सुबह देह त्याग दी है। वे कुछ दिनों से बीमार थे, आश्रम में ही उनका इलाज चल रहा था। रात को उनकी हालत काफी कमजोर हो रही थी और उन्होंने कुछ भी नहीं खाया था। उनके निधन की खबर मिलते ही खरगोन के भट्यान स्थित आश्रम में भक्तों की भीड़ लग गई। दोपहर तीन बजे उनका डोला निकलेगा।**

उनके अंत्येष्टी के लिए सेवादारों ने चंदन की लकड़ी की व्यवस्था की है। बीते तीन दिन से आश्रम में एकत्र भक्त उनके स्वास्थ्य के लिए जाप कर रहे थे और भजन गा रहे थे। मुख्यमंत्री मोहन यादव के निर्देश के बाद डाक्टरों की टीम उनके स्वास्थ्य पर लगातार निगरानी रखे हुए थे। आज शाम को सीएम यादव बाबा से मुलाकात करने वाले थे, लेकिन अब वे उनके अंतिम दर्शन के लिए आ सकते हैं।

### शाम को नर्मदा किनारे होगी अंत्येष्टी

सियाराम बाबा की अंत्येष्टी बुधवार शाम को आश्रम के समीप नर्मदा नदी किनारे की जाएगी। उनके निधन की खबर के बाद बड़ी संख्या में भक्तों के आश्रम में पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया है। सीएम मोहन यादव की बाबा के अंतिम दर्शन के लिए आएंगे। बता दें कि बाबा को निमोनिया हो गया था, लेकिन वे अस्पताल में रहने के बजाए आश्रम में रहकर अपने भक्तों से मिलना चाहते थे। इस कारण चिकित्सकों ने उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया था।

### 12 वर्षों तक मौन धारण किया

संत सियाराम बाबा ने नर्मदा किनारे अपने आश्रम बनाया। उनकी उम्र 100 साल से ज्यादा थी। बाबा ने बारह वर्षों तक मौन भी धारण कर रखा था। जो भक्त आश्रम में उनसे मिलने आता है और ज्यादा दान देना चाहता थे तो वे इनकार कर देते थे। वे सिर्फ दस रुपये का नोट ही लेते थे। उस धनराशि का उपयोग भी वे आश्रम से जुड़े कामों में लगा देते थे। बाबा ने नर्मदा नदी के किनारे एक पेड़ के नीचे तपस्या की थी और बारह वर्षों तक मौन रहकर अपनी साधना पूरी की थी। मौन व्रत तोड़ने के बाद उन्होंने पहला शब्द सियाराम बाबा कहा तो भक्त उन्हें उसी नाम से पुकारने लगे। हर माह हजारों भक्त उनके आश्रम में आते है।

# 16 शहरों में अगले 4 दिन शीतलहर का अलर्ट

## बर्फीली हवाओं से प्रदेश का पारा 6 लुढ़का पचमढ़ी @1.8 डिग्री सेल्सियस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्य प्रदेश इन दिनों बर्फीली हवाओं की वजह से ठिठुर रहा है। दिन और रात का टेम्परेचर 6 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया है। मौसम विभाग की मानें तो अगले 4-5 दिन ऐसा ही मौसम बना रहेगा। बुधवार को भोपाल, इंदौर, जबलपुर-उज्जैन समेत प्रदेश के 16 जिलों में कोल्ड वेव यानी सर्द हवाएं चलने का अलर्ट है। भोपाल, इंदौर, उज्जैन और शाजापुर में कोल्ड डे रह सकता है।**

इससे पहले मंगलवार को प्रदेश के 15 जिलों में सर्द हवाएं चलीं। पचमढ़ी देश का 10वां सबसे ठंडा शहर रहा। सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया, 'इस समय पश्चिम-उत्तर भारत में वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव है। 12.6 किमी की ऊंचाई पर 240 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से जेट स्ट्रीम हवाएं भी चल रही हैं। इन दोनों सिस्टम की वजह से मध्य प्रदेश में कड़ाके की ठंड पड़ रही है।'

### पचमढ़ी में एक रात में 1.7 डिग्री गिरा पारा

मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात पचमढ़ी में 1.8 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। एक रात पहले यह 3.5 डिग्री सेल्सियस था यानी एक ही रात में 1.7 डिग्री सेल्सियस की गिरावट हुई है। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन और जबलपुर में भी तापमान नीचे आया है। यह भोपाल में 6.9 डिग्री, इंदौर में 8.6 डिग्री, ग्वालियर में 6 डिग्री, उज्जैन में 7.5 डिग्री और जबलपुर में 6.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पचमढ़ी के अलावा रायसेन, गुना, उमरिया, मंडला और नौगांव में टेम्परेचर 6 डिग्री सेल्सियस के नीचे रहा। रायसेन में 4.8 डिग्री, गुना-उमरिया में 5 डिग्री, मंडला में 5.2 डिग्री और नौगांव में 5.3 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा।

### भोपाल, इंदौर-उज्जैन में आज कोल्ड डे

मौसम विभाग के अनुसार, बुधवार को भोपाल, इंदौर, उज्जैन और शाजापुर में कोल्ड डे रहेगा। वहीं, जबलपुर, धार, आगर-मालवा, राजगढ़, सीहोर, विदिशा, सागर, नर्मदापुरम, रायसेन, दमोह, नरसिंहपुर और सिवनी में सर्द हवाएं चलेंगी।

### दिसंबर के पहले पखवाड़े में ही कड़ाके की ठंड

इस साल दिसंबर की सर्दी ने ट्रेंड बदल दिया है। पिछले 10 साल का रिकॉर्ड और ट्रेंड देखें तो दिसंबर के दूसरे पखवाड़े में कड़ाके की ठंड पड़ती रही है लेकिन इस बार पहले ही पखवाड़े में तेज सर्दी का असर है। भोपाल और इंदौर की रात तो पिछले 2 साल में सबसे ठंडी रही हैं यानी दिसंबर की ठंड का रिकॉर्ड टूट गया है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और लद्दाख में बर्फ गिरने से सर्दी बढ़ी है। यहां जेट स्ट्रीम हवाएं भी तेजी से बह रही हैं। जिसका असर मध्य प्रदेश में देखने को मिल रहा है।

### उज्जैन-शाजापुर में भी चली कोल्ड वेव

मंगलवार को भोपाल, इंदौर, उज्जैन और शाजापुर में सर्द हवाएं चलीं। वहीं, यहां कोल्ड डे भी रहा। दमोह, जबलपुर, सिवनी, नरसिंहपुर, सागर, नर्मदापुरम, रायसेन, विदिशा, राजगढ़, आगर-मालवा, धार में भी कोल्ड वेव चली। बदले मौसम की वजह से सभी शहरों में दिन का टेम्प्रेचर लुढ़क गया। बड़े शहरों की बात करें तो भोपाल में 23.4 डिग्री, इंदौर में 22.1 डिग्री, ग्वालियर में 23.2 डिग्री, उज्जैन में 23.5 डिग्री और जबलपुर में 22.0 डिग्री रहा।

# इंदौर पूरी हमसफर सप्ताह में तीन दिन चलाने की मांग

## इंदौर-नागपुर भी रायपुर तक चलाने के लिए रेल मंत्री को लिखा पत्र

इंदौर। **इंदौर रेलवे स्टेशन से इंदौर-रायपुर के लिए वर्तमान में केवल पुरी हमसफर एक्सप्रेस का संचालन किया जा रहा है। यह ट्रेन सप्ताह में सिर्फ एक दिन, मंगलवार को चलती है। ऐसे में रायपुर आने-जाने वाले यात्री परेशान होते हैं। यात्रियों की सहूलियत के लिए इंदौर-पुरी हमसफर एक्सप्रेस को सप्ताह में तीन दिन संचालित करने और इंदौर-नागपुर ट्रेन को रायपुर तक विस्तारित करने की मांग उठाई जा रही है।**

क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति मुंबई के सदस्य जगमोहन वर्मा ने बताया कि इंदौर-नागपुर ट्रेन सप्ताह में दो दिन चलाई जा रही है। हमने मांग की है कि इस ट्रेन को प्रतिदिन चलाया जाए और रायपुर तक विस्तारित किया जाए। इस संबंध में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखा गया है। वर्मा ने बताया कि इंदौर-नागपुर-रायपुर का यातायात तेजी से बढ़ रहा है। इंदौर-नागपुर मार्ग पर यात्रियों को प्रतीक्षा सूची में टिकट लेना पड़ता है।

इंदौर-नागपुर ट्रेन प्रत्येक रविवार और मंगलवार को चलती है। इन ट्रेनों में बैतूल, आमला, मुलताई, पांढुर्ना के विद्यार्थी और व्यापारी यात्रा करते हैं। लंबे समय से इस ट्रेन के विस्तार की मांग चल रही थी।

इंदौर-नागपुर ट्रेन को प्रतिदिन संचालित करने से इंदौर-भोपाल के महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ के शहरों से संपर्क में वृद्धि होगी, जिससे रेल प्रशासन को राजस्व में बढ़ोतरी होगी। इसी तरह, इंदौर-पुरी हमसफर ट्रेन को भी सप्ताह में तीन दिन चलाने की मांग की गई है।

### बलवाड़ा से चोरल के लिए बड़ी लाइन की मार्किंग शुरू

इधर, पश्चिम रेलवे ने इंदौर-खंडवा ब्रॉडगेज प्रोजेक्ट के तहत मुख्तियारा बलवाड़ा से चोरल के बीच मार्किंग शुरू कर दी है। इसके अलावा, जहां-जहां मार्किंग हो गई है, वहां झाड़ियां और अन्य बाधाएं हटाने का काम भी शुरू हो गया है।

नवंबर में ही रेलवे ने बलवाड़ा से चोरल तक लगभग 15 किलोमीटर लंबे सेक्शन में बड़ी लाइन बिछाने का ठेका बिलासपुर की एजेंसी को 278 करोड़ रुपए में सौंपा है। इसमें सुरंग का काम शामिल नहीं है।

एजेंसी को नए पुल-पुलियाओं के अलावा नए स्टेशनों का निर्माण भी करना है। रेलवे ने कंपनी को काम पूरा करने के लिए करीब डेढ़ साल का समय दिया है, यानी यह प्रोजेक्ट 2026 के मध्य तक पूरा होने का अनुमान है।

# बकायादारों का तगादा कर रहा इंदौर नगर निगम

## इस साल आखिरी नेशनल लोक अदालत 14 दिसंबर को; 50 करोड़ का रखा लक्ष्य

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **इंदौर नगर निगम बकायादारों को तगादा कर रहा है। उनका कितना बकाया है, इसकी जानकारी भी उन्हें भेजी जा रही है। बकाया राशि भरने के लिए उन्हें कहा जा रहा है। आगामी दिनों में होने वाली लोक अदालत को लेकर भी नगर निगम ने लक्ष्य रखा है, जिसे पूरा करने के तैयारी पूरी है।**

14 दिसंबर को नगर निगम में लोक अदालत होने वाली है। यह इस साल की आखिरी नेशनल लोक अदालत है। नगर निगम के 22 झोनल ऑफिस, रजिस्ट्रार ऑफिस और नगर निगम मुख्यालय पर आयोजित होगी। इस लोक अदालत में संपत्तिकर और जलकर के अधिभार पर 100% तक की छूट भी मिलेगी।

### 50 करोड़ का लक्ष्य रखा

नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा ने कहा कि नगर निगम ने अपने सभी बकायादारों को सूचित करना शुरू कर दिया है। निरंतर इसे फॉलो किया जा रहा है, उन्हें बताया जा रहा है कि आपका कितना बकाया है। लोक अदालत के लिए भी हमने 50 करोड़ का लक्ष्य रखा है। हमारी टीम की पूरी तैयारी है। पोर्टल पर भी लगातार अपडेशन चल रहे है। हम बकायादारों को सूचित कर लक्ष्य की पूर्ति करेंगे।

### बुजुर्गों और महिलाओं के लिए विशेष व्यवस्था

लोक अदालत में बुजुर्गों और महिलाओं की सुविधा के लिए विशेष काउंटर और बैठक व्यवस्था की जाएगी। करदाताओं को संपत्तिकर और जलकर की देय राशि की जानकारी देने और बिल प्रदान करने की भी व्यवस्था की है।

# अभ्यास मंडल के कार्यकर्ताओं ने ली शपथ

## मानव अधिकार के मूल में है जीवन, सम्मान, स्वतंत्रता और स्वाभिमान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मानव अधिकार दिवस के उपलक्ष्य में अभ्यास मंडल द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए स्वप्निल व्यास ने कहा स्वच्छ पर्यावरण का अधिकार एक मानव अधिकार है। 2021 में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद ने प्रस्ताव अपनाया था, जिसमें स्वच्छ, स्वस्थ और टिकाऊ पर्यावरण के अधिकार को मान्यता दी गई। आज के समय हमारे शहर और देश के लिए यह अधिकार के सामने कई चुनौतियां हैं।

सचिव डॉ. माला सिंह ठाकुर ने कहा जीवन, सम्मान, स्वतंत्रता और स्वाभिमान यही मानव अधिकार के मूल हैं। पिछले 65 वर्षों से अभ्यास मंडल अपनी गतिविधियों के माध्यम से शहर और समाज के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से इनके संरक्षण का कार्य कर रहा है। मानवाधिकार के संरक्षण की शपथ अध्यक्ष रामेश्वर गुप्ता ने दिलाई, वहीं कार्यक्रम में वैशाली खरे, शफी शेख, मुरली खंडेलवाल, नारायण पाटीदार, नेताजी मोहिते, द्वारका मालवीय, आदित्य सिंह सेंगर, ईशान श्रीवास्तव, यान्यासिंह सिसोदिया, साधना नरवरिया, सुषमा केवट, ललित नागर, मानवी यादव, निशा परमार, रहिस सिंह सहित विधि के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### चांदी-सोना जवाहरात व्यापारी एसोसिएशन चुनाव ...

# 5 प्रत्याशियों ने नाम वापस लिए, अब 22 उम्मीदवार मैदान में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। सराफा बाजार में इंदौर चांदी-सोना जवाहरात व्यापारी एसोसिएशन के चुनाव शनिवार को होंगे। मतदान 11 से शाम 5 बजे तक छोटा सराफा स्थित गीतांजलि प्लाजा में होगा। इसी दिन रात तक परिणाम मतगणना के बाद परिणाम घोषित हो जाएंगे।

नाम वापसी के अंतिम दिन पांच उम्मीदवारों ने नाम वापस लिए हैं। अब कुल 22 प्रत्याशी चुनावी मैदान में है। चुनाव में मुख्य चुनाव अधिकारी महेंद्र पाटीदार, सह-चुनाव अधिकारी अरुण अग्रवाल, सह-चुनाव अधिकारी अनिल जैन और सह-चुनाव अधिकारी गोपाल नीमा है। सह-चुनाव अधिकारी अग्रवाल ने बताया कि चुनाव में सराफा विकास पैनल के 11 उम्मीदवार अजय लाहोटी, अजय नीमा, अविनाश शास्त्री, बसंत नीमा, हुकुम सोनी, ईश्वर जैन, मनोज सोनी, कपिल शर्मा, कोमल कोठाना, प्रगनेश मालक, सुशील गुप्ता चुनाव लड़ रहे हैं।

**11 निर्दलीय प्रत्याशी-** अविजित वर्मा, अशोक शर्मा, मुकेश सोनी, निर्मल वर्मा, पवन कोठारी, पुरुषोत्तम शर्मा, राजेश खंडेलवाल, संजय मकवाना, संजय मांडोत, संतोष पोरवाल, सुजीत सबनिश चुनाव मैदान में है।

**इन्होंने नाम वापस लिए-** सह-चुनाव अग्रवाल के अनुसार जिन प्रत्याशियों ने चुनाव में डमी के रूप में पर्चे भरे थे, उन्होंने नाम वापस लिए हैं। इसमें बागेश नीमा, अनिल जैन, ब्रजमोहन नीमा, ओमप्रकाश सोमानी और संजय कुमार राजवानी ने नाम वापस लिए हैं।

# युवक-युवती परिचय सम्मेलन 29 दिसंबर को

## 570 से ज्यादा उच्च शिक्षित प्रत्याशियों की प्रविष्टि प्राप्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **क्षत्रिय मराठा नवनिर्माण सेना का युवक-युवती परिचय सम्मेलन 29 दिसंबर को आईटीआई स्थित महाकाल गार्डन पर आयोजित होगा। प्रदेशभर से 570 से ज्यादा उच्च शिक्षित युवक-युवतियों की प्रविष्टि प्राप्त हुई हैं और लगातार प्रविष्टियों का आने का दौर जारी है। आयोजन की तैयारियों को लेकर बैठकों का दौर भी चल रहा है।**

क्षत्रिय मराठा नवनिर्माण सेना द्वारा आयोजित परिचय सम्मेलन की कमान महिलाओं के हाथों में है, महिलाएं परिचय सम्मेलन की तैयारियां में जुटी हैं। परिचय सम्मेलन में सभी व्यवस्थाएं महिलाएं ही संभालेंगी। प्रदेश भर से आई प्रविष्टियों को महिलाओं द्वारा देखा जा रहा है प्रविष्टियों को छानबीन करने का कार्य जारी है।

क्षत्रिय मराठा नवनिर्माण सेना के प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रकांत कुंजीर, मिलिंद दीघे व स्वाति मोहिते ने बताया कि नवनिर्माण सेना द्वारा आयोजित इस परिचय सम्मेलन की तैयारियों का दौर चल रहा है। 29 दिसंबर को होने वाले हाईटेक युवक-युवती परिचय सम्मेलन के लिए शहर के साथ-साथ पूरे प्रदेशों से अभी तक लगभग 570 से ज्यादा प्रविष्टियां प्राप्त हुई हैं। प्रविष्टियां आने का दौर जारी है। इसमें इंजीनियर, बिजनेसमैन, चार्टर्ड अकाउंटेंट, अधिकारी, पुलिसकर्मी,बैंक मैनेजर, प्रशासनिक अधिकारी सहित अन्य प्रविष्टियां प्राप्त हुईं। 1500 से ज्यादा प्रविष्टियां आने की उम्मीद और है। 17 दिसंबर तक फार्म जमा होंगे।

रिया करण कुंजीर व निहारिका कुंजीर ने बताया कि समाज के उच्च शिक्षित युवाओं के लिए उनकी पसंद एवं योग्यता अनुरूप जीवनसाथी की तलाश के लिए संपर्क मिलन सभागार बनाकर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। सभी प्रत्याशी मंच के जरिए सीधे अपना परिचय दे सकेंगे इसकी विशेष व्यवस्था की जा रही है। सेना के पदाधिकारी कार्यालय स्थल पर भी युवक-युवतियों के फार्म बड़ी संख्या में जमा हो रहे है। मराठा समाज के उच्च शिक्षित युवक-युवतियों की प्रविष्टियां प्राप्त हो रही है। प्रविष्टियां को छंटनी करने का दौर भी चल रहा है। परिचय सम्मलेन में एक बहुरंगी स्मारिका का प्रकाशन भी किया जाएगा।

# मूसाखेड़ी क्षेत्र में नगर निगम की रिमूवल कार्रवाई

## कई दुकानों-गुमटियों पर चले बुलडोजर, व्यापारी बोले- पहले नहीं दी सूचना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। नगर निगम की टीम ने मंगलवार को मुसाखेड़ी क्षेत्र में रिमूवल की कार्रवाई की। यहां पर कई दुकानों को हटाया है। नगर निगम अमला, पुलिस बल और राजस्व अमला यहां बुलडोजर और दल बल के साथ पहुंचा। यहां पर टीम ने दुकानों को हटाने की कार्रवाई की गई। व्यापारियों का आरोप था कि नगर निगम से कोई सूचना नहीं दी गई। जबकि नगर निगम अधिकारियों का कहना है कि कई दिनों से इन्हें सूचना दी जा रही थी। मंगलवार सुबह नगर निगम की टीम मुसाखेड़ी इलाके में कार्रवाई के लिए पहुंची। डिप्टी कमिश्नर लता अग्रवाल ने बताया कि जोन नंबर 18 मुसाखेड़ी मेन रोड पर यहां सरकारी जमीन पर कई लोगों ने कब्जे कर दुकानें-गुमटी-ठेले लगा लिए थे। इससे ट्रैफिक में भी परेशानी आ रही थी। हमारी टीम पिछले एक हफ्ते से इन्हें यहां से हटने के लिए अनाउंसमेंट कर रही थी। आज यहां पर रिमूवल की कार्रवाई की गई है। करीब सौ दुकानों के बाहर से शेड और चबूतरे हटा दिए हैं। आगे भी कार्रवाई चलेगी। उन्हें इसकी सूचना दी जा रही थी। जिन लोगों ने नहीं हटाए उन्हीं के यहां कार्रवाई की है। उन्होंने कहा कि हमारे पास पूरा प्रमाण है कि यहां पर अनाउंसमेंट की गई है। सुबह ही टीम यहां आ गई थी, लेकिन दोपहर में कार्रवाई की गई है। व्यापारी गोलू राकेश साखले ने कहा- यहां किसी भी व्यापारी को सूचना नहीं दी गई। सूचना देते तो व्यापारी माल निकाल लेते। कई लोगों का नुकसान हुआ है। अचानक आकर कार्रवाई की है। इधर, चलती कार्रवाई के दौरान कुछ लोग दुकान से सामान निकलने पहुंच गए। इस पर पुलिस और अधिकारियों ने रोका और दुकान से बाहर किया।

## शातिर चोर पुलिस की गिरफ्त में, तीन वारदातें स्वीकारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** दोपहर में सूने मकानों की रैकी कर रात में चोरी की वारदात करने वाला बदमाश आजाद नगर पुलिस की गिरफ्त में आया है। उसने तीन वारदातों में लाखों के जेवर, मोबाइल और अन्य उपकरणों को चुराया था। पुलिस ने बताया कि 11 जुलाई को फरियादी प्रियंका पति जितेन्द्र सिलावट निवासी मयूर नगर के घर से बदमाश मोबाइल और मंगलसूत्र, 20 अगस्त को फरियादी आलोकसिंह पिता नरेन्द्रसिंह ठाकुर निवासी मयूर नगर के घर से गैस चूल्हा, कपडे, बरतन, जेवर और नकदी, 31 अक्टूबर दीपावली के दिन फरियादी महरूनिशा पति शौकत हसन निवासी आजाद नगर के घर से बदमाश जेवर और नकद ले गया था। तीन घटनाओं से पुलिस हरकत में आ गई थी। बदमाश को पकडऩे घटना स्थल से लेकर चंदननगर तक 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरे खंगाले। कैमरे में आए फुटेज के आधार पर सलीम पिता चुन्नू खां निवासी गीतानगर को गिरफ्तार किया। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि महंगे शौक पूरा करने वह वारदात करता था। आरोपी से अन्य वारदातों को लेकर कड़ाई से पूछताछ की जा रही है।

## लोगों से बचने छत से कूदा, टूटा पैर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** मकान मालिक ने जब किराएदार(बदमाश) को कमरा खाली करने को कहा तो वह विवाद करने लगा। जब मकान मालिक की तरफ से कुछ लोग इक_ा हो गए तो बदमाश उनसे बचने घर की छत पर चढ़ा और वहां से छलांग लगा दी, जिससे उसके पैर में चोट आई है। मामला एरोड्रम थाना क्षेत्र का है। फरियादी हिमांशु शर्मा निवासी पल्हर नगर ने बताया कि आरोपी अजय उर्फ अजूबा ने उसके मकान पर कब्जा कर लिया था। उसने अजूबा से मकान खाली करने को कहा तो आरोपी ने चाकू निकालकर धमकाना शुरू कर दिया। यह देख हिमांशु के समर्थन में क्षेत्र के कुछ लोग पहुंच गए और अजूबा को पकडऩे लगे। तभी वह भागा और हिमांशु के पड़ोसी के मकान की छत पर चढ़ गया था। रहवासियों ने उसे पकडक़र पुलिस के सुपुर्द किया। चेकिंग में उसके पास से चाकू मिला। पुलिस ने आरोपी पर धमकाने और आम्र्स एक्ट का केस दर्ज कर लिया है।

## युवक का शव फंदे पर मिला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** पीथमपुर के सेक्टर 1 थाना क्षेत्र के बोलनेश्वर महादेव मंदिर के पास जंगल में युवक का शव फंदे से लटका मिला है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है। जांच अधिकारी रज्जाक खान ने बताया कि सोमवार शाम सूचना मिली कि सेक्टर 2 स्थित बोलनेश्वर महादेव मंदिर के पास जंगल में युवक का शव पेड़ पर लटका है। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। उसकी शिनाख्त देवराज पिता रमेश पटेल निवासी हाल मुकाम धन्नड़ के रूप में हुई। मृतक का शव पेड़ पर रस्सी के सहारे लटका मिला। परिजन ने पुलिस को बताया कि देवराज सुबह काम पर जाने के लिए निकला था। युवक के पिता ने बताया देवराज और उसकी पत्नी के बीच अनबन चल रही थी। दोनों में आए दिन विवाद होता था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया।

## महिला का मोबाइल झपटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** दुकान के बाहर बैठी महिला का बाइक सवार बदमाश मोबाइल झपटकर भाग निकले। भंवरकुआं पुलिस को फरियादी आरती पति स्व. श्याम पलवार निवासी पिपलिया पाला ने बताया कि उसकी घर के पास ही कास्मेटिक आयटम की दुकान है। रात में वह दुकान के बाहर बैठी थी, तभी तीन युवक बाइक से आए और बात करने के बहाने रुके। इसी दौरान एक बदमाश ने मोबाइल झपटा और बाइक पर बैठकर भाग निकला।

# कानून में डीजिटल अरेस्ट जैसा नहीं है कोई प्रावधान

### यदि ऐसा कोई कॉल आए तो हो जाए सतर्क व सावधान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। वर्तमान में बढ़ते साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिये, इसके प्रति लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से, पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देशन में, इंदौर पुलिस द्वारा लगातार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी अनुक्रम में मंगलवार को अति. पुलिस उपायुक्त क्राइम इंदौर ने अपोलो इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ में पहुँचकर स्टूडेंट्स को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया।**

सायबर अवेयरनेस के तहत आयोजित उक्त कार्यक्रम में एडीशनल डीसीपी क्राइम राजेश दंडोतिया ने, 342 वीं कार्यशाला में वहां उपस्थित करीब 550 स्टूडेंट्स को वर्तमान समय के विभिन्न प्रकार के साइबर फ्रॉड, फाइनेंशियल फ्रॉड और सोशल मीडिया से संबंधित साइबर अपराधों की जानकारी दी तथा पुलिस




किस प्रकार कार्यवाही करती है और साइबर अपराधों से बचने के लिए किन बातों का ध्यान रखें आदि के संबंध में, पुलिस के पास आने वाली शिकायतों के आधार पर प्रैक्टिकली बताया।

उन्होंने सभी से कहा कि वर्तमान में लगभग अधिकतर कार्य और विशेषकर बैंकिंग कार्य ऑनलाइन हो गया है, इसी का दुरुपयोग कर साइबर क्रिमिनल्स बैंकिंग और फाइनेंशियल फ्रॉड पर ही सबसे ज्यादा फोकस्ड कर, लोगों को लुभावने ऑफर और डर दिखाकर फेक कॉल्स व फर्जी लिंक और नए-नए विभिन्न तरीको से अपने जाल में फंसा विभिन्न फाइनेंशियल और डिजिटल अरेस्ट जैसे फ्रॉड कर रहे है। सतर्कता और जागरूकता से ही इससे बचा जा सकता है। इस अवसर पर संस्थान के मैनेजमेंट व टीचिंग स्टाफ भी उपस्थित रहा, जिन्होंने भी साइबर सुरक्षा संबंधी बारिकियों को जाना और इंदौर पुलिस की इस मुहिम की सराहना करी।

## बेहतर काम का मिला इनाम

### पुलिस आयुक्त ने 11 पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र और नकद पुरस्कार दिया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** बेहतर काम करने वाले पुलिसकर्मियों का हौसला अफजाई करने उन्हें लगातार पुरस्कृत किया जा रहा है, ताकि वे आगे भी श्रेष्ठ कार्य कर पुलिस की छवि उज्वल कर सके। इसी क्रम में मंगलवार को जनसुनवाई के बाद पुलिस आयुक्त संतोषसिंह ने 11 पुलिसकर्मियों को सम्मान स्वरूप प्रशस्ति पत्र और नकद पुरस्कार देकर उनके कार्यों की खूब सराहना की। साप्ताहिक पुरस्कार अंतर्गत कार्यक्रम में क्राइम ब्रांच के कार्यवाहक सहायक उपनिरीक्षक विजय चौहान, सौरभ जादौन को एनडीपीएस एक्ट में तीन आरोपियों को 35 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ पकडऩे, आजाद नगर थाने के प्रधान आरक्षक राजू बघेल और संजय मालाकार को ठक-ठक गैंग को पकडऩे, लसूडिया थाने के आरक्षक विनय रावल, लेखराज जाट, दिनेश गुर्जर को बिहार के 50 हजार के इनामी लारेंस गैंग के गुर्गे और साथियों को पकडऩे, संयोगितागंज थाने के कार्यवाहक प्रधान आरक्षक महेश चौहान के वाहन चोर गैंग को पकडऩे, द्वारकापुरी थाने के प्रधान आरक्षक आशीष शुक्ला को अपहृत बालिकाओं की दस्तयाबी(ढूंढने), बाणगंगा थाने के आरक्षक हीरामणी को वाहन चोर गैंग पकडऩे तथा भंवरकुआ थाने के आरक्षक दीपक रघुवंशी को मोबाइल झपटने के आरोपियों को पकडऩे में अहम भूमिका निभाने का पुरस्कार मिला।

## धामनोद से इंदौर लाकर किया दुष्कर्म

### बच्चों को जान से मारने की दी धमकी, पत्नी बनाकर रखा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** धामनोद थानांतर्गत एक महिला के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीडि़ता के अनुसार आरोपी ने बच्चों को जान से मारने की धमकी दे अपने साथ ले जाकर दुष्कर्म किया। जहांगीरपुरा का रहने वाला कमलेश चौहान ने उससे शादी कर पत्नी बनाकर रखने का झांसा दिया था और 15 दिनों तक इंदौर में अपने साथ रखा। महिला के पति ने गुमशुदा की रिपोर्ट लिखाई, इसकी जानकारी लगने पर आरोपित ने महिला और बच्चों को छह दिसंबर को इंदौर से धामनोद वाली बस में बिठा दिया। पुलिस ने कमलेश के विरुद्ध दुष्कर्म सहित अपहरण का प्रकरण दर्ज किया है। आरोपित कमलेश फरार है। पुलिस ने उसकी तलाश शुरू की है।

## नाम बदलकर युवती से की दोस्ती

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** शहर लव जिहाद के मामले बढ़ते जा रहे हैं। रोहित बनकर युवती से दोस्ती करने वाले आरिफ को स्कीम न.78 में हिंदू संगठन के कार्यकर्ता ने पकड़ा और पुलिस के हवाले किया। बजरंग दल विभाग संयोजक प्रवीण दरेकर ने बताया कि युवक युवती के साथ बैठा हुआ था। इसके बाद वह उसे कमरे में लेकर गया, तभी कार्यकर्ता वहां पहुंच गए। पूछताछ में युवक ने अपना नाम रोहन बताया, लेकिन वह आरिफ शाह निवासी रतलाम है। उसने बताया कि वह अक्सर इंदौर में युवती से मिलने आता था और उसी के कमरे पर रहता है। युवती की बहन के साथ वह पढ़ाई करता था। वह पहले से शादीशुदा है और इवेंट का काम करता है। मामले में युवक के खिलाफ कार्रवाई को लेकर थाने में शिकायत कर दी गई है।

## कैमको फूड कंपनी के मालिक पर एफआईआर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** लसूड़िया पुलिस ने एक कंपनी को नुकसान पहुंचाने के मामले में उद्योगपति संजय जैसवानी सहित आधा दर्जन लोगों पर FIR की है। कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस ने केस दर्ज किया है। दरअसल, ए वसंत में रहने वाले गौरव अहलावत ने शिकायत की थी। बता दें, गौरव अहलवात रूस के नागरिक हैं। उन्होंने पहले पुलिस के वरिष्ठ अफसरों से शिकायत की थी। लेकिन, सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने रीगल पर अनशन किया था।बाद में कोर्ट की तरफ से आदेश हुआ है।

### इन पर दर्ज हुई FIR

1. संजय जैसवानी, निवासी ए वसंत विहार कॉलोनी लसुड़िया।
2. विजय जैसवानी, सेक्टर ए वसंत विहार कॉलोनी।
3. संजय कलवानी, निवासी अन्नपूर्णा मंदिर पार्श्वनाथ अन्नपूर्णा।
4. दिनेश मनवानी, निवासी यूनिक पार्क राजश्री, विजयनगर।
5. नितिन जीवनानी, निवासी गोल्डन पाम खालसा चौक स्कीम 136।
6. कंचन जीवनानी, निवासी डायमंड चौराहा गोल्डन पाम निरंजनपुर लसुड़िया।

संजय जैसवानी और उनके भाई कैमको फूड कंपनी के मालिक है। उन पर पहले सीए नाहर को कंपनी में हेराफेरी का आरोप लगाते हुए बधंक बना लिया था। इस मामले में पुलिस ने जेसवानी और उनके गार्ड पर बधंक बनाने के मामले में करीब डेढ माह पहले केस दर्ज किया था।

## रेप के आरोपी डिप्टी कलेक्टर को इंदौर हाईकोर्ट से मिली जमानत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** पुलिस ने जांच के बाद रेप के मामले में डिप्टी कलेक्टर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया था। कोर्ट में जमानत का आधार देरी से प्रकरण दर्ज होने के कारण बना। दरअसल महिला ने अक्टूबर माह में पचोर थाने में अपने साथ दुष्कर्म होने की शिकायत की। शिकायत में बताया गया था कि घटना 2022 की है। तब सोराते तहसीलदार थे। महिला ने आरोप लगाया कि शादी का झांसा देकर उनके साथ शारीरिक संबंध बनाए गए। डिप्टी कलेक्टर के वकील ने सुनवाई में यह बताया कि महिला समय-समय पर परिवार के लिए लाखों रुपये सोरते से ले चुकी है। कोर्ट ने कहा कि जब दुष्कर्म हुआ तब महिला ने प्रकरण दर्ज क्यों नहीं कराया। महिला ने पुलिस थाने में की शिकायत में कहा था कि उसे पति की मौत के बाद अनुकंपा नियुक्ति मिली थी। वह सोरते के अधिनस्त काम करती थी। वे कई बार अपने घर पर भी काम के सिलसिले में बुलाते थे और मुझे शादी का वादा भी करने लगे। उन्होंने राजस्थान के एक मंदिर में जाकर मांग में सिंदूर भी भरा था। इसके बाद उनका प्रमोशन हो गया और वे डिप्टी कलेक्टर बनकर भोपाल चले गए। जब मैने साथ रहने की बात कही तो मां के बीमार होने के बहाना बनाते थे। दो माह पहले वे शादी से मुकर गए और कहने लगे कि नहीं करुंगा शादी, जहां शिकायत करना हो कर दो मेरी।

# एमपी के स्कूल में विद्यार्थियों को पढ़ाया जाएगा यातायात के नियम

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग ने एक नई कवायद शुरू की है। प्रदेश में अब स्कूली छात्रों को यातायात के नियमों का पाठ पढ़ाया जाएगा। इसे लेकर स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि बड़े होने पर कोई चीज सीखने से अच्छा है, बचपन से ही छोटे-छोटे पाठ के माध्यम से बच्चों को सीख दी जाए। इसकी शुरुआत आगामी शिक्षा सत्र 2025-26 से होगी। स्कूल शिक्षा विभाग की इस कवायद से बच्चों को यातायात के नियमों के बारे में सही से जानकारी मिलेगी। स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने कहा कि, बड़े होने पर कोई चीज सीखने



से अच्छा है बचपन से ही छोटे-छोटे पाठ के माध्यम से बच्चों को सीख दी जाए। बाल मन के समय से ही अगर कोई बात सिखाई जाए तो बेहतर रूप से वह समझ आती है। उन्होंने कहा कि यातायात के नियमों का पालन कैसे होता है और कैसे नियमों का उल्लंघन होता है,इन सभी बातों को बच्चों को सिखाना एक अच्छी बात है। जानकारी के अनुसार पाठ्यक्रम भी इस तरह से तैयार किया जा रहा है कि इसमें दोहराव न हो। साथ ही उनकी सामग्री विद्यार्थियों के बौद्धिक स्तर के अनुकूल हो। पांचवीं की पुस्तक में आठ अध्याय हैं। इसमें वाहन सड़क में कैसे, किस दिशा में चलाएं, रोटरी क्या है। प्रदूषण के मापदंड के अनुसार वाहन कितने प्रकार के होते हैं। लाइसेंस कितने तरह के होते हैं, जैसी जानकारियों को शामिल किया गया है। प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं और इसमें जान गंवाने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। यातायात के नियम तोड़ने वालों के विरुद्ध सख्ती के बाद भी घटनाएं बढ़ रही हैं। चिंता की दूसरी बात यह भी है कि दुर्घटनाएं जिस अनुपात में बढ़ी हैं उससे कहीं ज्यादा मृतकों की संख्या बढ़ी है। पुलिस मुख्यालय के अधिकारियों का कहना है कि सख्ती के साथ ही लोगों का सोच बदलना भी जरूरी है और इसकी शुरुआत के लिए विद्यार्थियों से अच्छा कोई समूह नहीं हो सकता।

## 3 साल की बच्ची की आंख में घुसी पेंसिल

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**भोपाल।** भोपाल एम्स में 3 साल की बच्ची का ऑपरेशन हुआ है। मासूम की आंख में 10 सेंटीमीटर तक पेंसिल धंसी हुई थी। डेढ़ घंटे तक चले ऑपरेशन के बाद पेंसिल को निकाल लिया गया है। घर से अस्पताल तक आने और फिर ऑपरेशन के दौरान 5 घंटे से ज्यादा समय तक पेंसिल बच्ची की आंख और जबड़े की हड्डी के बीच फंसी रही। यह दिमाग की नसों तक भी चली गई थी। डॉक्टरों के मुताबिक, बच्ची पूरी तरह सुरक्षित है। आंख डैमेज नहीं हुई है। उम्मीद की जा सकती है आंख की रोशनी नहीं जाएगी। बच्ची रायसेन जिले के सुल्तानपुर की रहने वाली है। परिजन को इतना ही मालूम है कि वह आंगनवाड़ी में घायल हो गई। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को इस बारे में कुछ नहीं पता। आशंका है कि बच्ची पेंसिल पर गिर गई होगी, क्योंकि पेंसिल नुकीली तरफ से नहीं, उल्टी तरफ से बच्ची की आंख में धंसी हुई थी।

## भाई ने किया भाई का मर्डर

**ग्वालियर।** ग्वालियर में एक व्यक्ति की उसके चचेरे भाइयों ने गोली मारकर हत्या कर दी है। जबकि भतीजे के सीने में गोली लगी है, उसे गंभीर हालत में दिल्ली रैफर किया गया है। घटनाक्रम में आधा दर्जन लोग लाठी-डंडे लगने से घायल हुए हैं। दोनों भाईयों के परिवार में पुश्तैनी जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद है। इसी जमीन पर खेत जोतने को लेकर मंगलवार दोपहर गुठीना-बहादुरपुर गांव में एक भाई के परिवार पर दूसरे भाईयों ने राइफल-कट्टों से गोलियां चला दीं। इसके बाद हमलावर फरार हो गए। ग्वालियर के महाराजपुरा गांव निवासी निहाल सिंह गुर्जर (55) और भाई वकीला सिंह गुर्जर की गुठीना-बहादुरपुर में पुश्तैनी जमीन है। निहाल सिंह और वकीला सिंह के पिता आठ भाई थे। आठ भाइयों में पुश्तैनी जमीन का बंटवारा हुआ है। बहादुरपुर की 150 बीघा जमीन को लेकर निहाल सिंह और उनके चचेरे भाई वीर सिंह गुर्जर में विवाद चल रहा था।

# लोहे के पाइप उतारते समय बस में फैला करंट, दो की मौत

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**देवास। देवास के ग्राम टप्पा में बस से लोहे के पाइप उतारते समय हाईटेंशन बिजली लाइन से टकराने से करंट फैल गया। इस घटना में पाइप उठाने वाले युवक आदित्य यादव और बस के हेल्पर संतोष भिलाला की मौत हो गई। सोमवार रात हुई घटना में हाटपीपल्या पुलिस ने फिलहाल मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।**

जानकारी के अनुसार देवास-टप्पा के बीच चलने वाली शर्मा ट्रैवल्स की बस में हाटपीपल्या से लोहे के पाइप छत में लादे गए जिनका उपयोग फ्लेक्स बनाने में किया जाना था। सोमवार रात में जब बस टप्पा पहुंची तो सवारियों के उतरने के बाद 19 वर्षीय आदित्य यादव बस की छत पर चढ़ा और उसके चचेरे भाई नरेंद्र यादव से कहा कि नीचे पाइप पकड़ना। जैसे ही आदित्य ने पाइप उठाए तो वो बस के ऊपर से निकली





हाईटेंशन बिजली लाइन से टकरा गए, जिससे करंट फैल गया। करंट लगने से आदित्य नीचे गिर गया, इसी दौरान बस का क्लीनर संतोष भिलाला बस को पानी से धो रहा था, उसे भी करंट लग गया। दोनों को अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। टीआई अभिनव शुक्ला ने बताया मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है, लापरवाही मिलने पर बस चालक आदि पर प्रकरण दर्ज किया जाएगा।

# आईएएस की तैयारी कर रहीं रतलाम की उर्वी मेहता 21 साल की उम्र में लेंगी दीक्षा

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**रतलाम।** आज के दौर में जहां ज्यादातर युवा उच्च शिक्षा ग्रहण कर अच्छी नौकरी, व्यवसाय कर विलासितापूर्ण चमक-दमक वाली जीवन शैली के प्रति आकर्षित हो रहे हैं, वहीं कुछ युवा चकाचौंध की दुनिया से दूर होकर संयमित जीवन जीने की ओर अग्रसर रहे हैं। इसी कड़ी में ग्रेजुएशन कर आईएएस की तैयारी कर रहीं मप्र और मालवा की हृदय स्थली रतलाम के मेहता परिवार की लाड़ली उर्वी में भी संयम के भाव जाग गए और अब वह 14 दिसंबर को जैन भगवती दीक्षा अंगीकार करने जा रही हैं। शहर के धर्मनिष्ठ व समाजसेवी शांतिलाल लल्लू मेहता परिवार की कुल दीपिका मुमुक्षु उर्वी मेहता 14 दिसंबर को गणिवर्य कल्याण रत्न विजयजी की निश्रा में जैन भगवती दीक्षा अंगीकार करेंगी। तीन दिवसीय दीक्षा महोत्सव को लेकर तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। इस प्रसंग पर



शांतिलाल लल्लू मेहता परिवार द्वारा 12 से 14 दिसंबर तक तीन दिवसीय आत्म कल्याण उत्सव का आयोजन किया गया है। इसमें 12 दिसंबर को प्रवचन, पार्श्व जिन पंच कल्याणक पूजन, वस्त्र रंगोत्सव (चौबीसी) व संध्या भक्ति हनुमान रुंडी अमृत कुंज पर होगी।13 दिसंबर को सुबह नौ बजे निवास स्थान हटीराम दरवाजा से वर्षीदान यात्रा प्रारंभ होगी और शाम सात बजे जैन स्कूल में विदाई समारोह संपन्न होगा। 14 दिसंबर को सुबह जैन स्कूल सागोद रोड पर गणिवर्य कल्याण रत्न विजयजी की निश्रा में सुबह जैन भगवती दीक्षा का कार्यक्रम प्रारंभ होगा।

# राजस्थान से आई पुलिस, एमपी से मांगी मदद... दबिश के लिए पहुंचे तो उल्टे पैर लगानी पड़ी दौड़

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**राजगढ़।** जिले के बोड़ा थाना क्षेत्र के गुलखेड़ी गांव में मंगलवार को राजस्थान पुलिस के साथ चोरों को पकड़ने गई टीम पर सांसी समुदाय के शराब तस्करों ने हमला कर दिया। इस घटना के बाद राजस्थान और बोड़ा पुलिस के 9 जवान घायल हो गए। इसके बाद सभी घायल पुलिसकर्मियों का बोड़ा के सिविल अस्पताल में उपचार किया गया। इस घटना के बाद बोड़ा पुलिस राजस्थान की अजमेर- जयपुर पुलिस की शिकायत पर नरसिंहगढ़ एसडीओपी उपेंद्र सिंह भाटी के निर्देशन में कार्रवाई कर रहा है। राजगढ़ पुलिस संयुक्त पुलिस बल के साथ दबिश देकर शराब माफियाओं के ठिकाने ध्वस्त करने की कार्रवाई कर रही है। एसडीओपी ने बताया कि मंगलवार को जयपुर पुलिस की शिकायत पर जब बोड़ा पुलिस के सहयोग से कोहिनूर सांसी के घर की चोरी के मामले में तलाशी ली जा रही थी। तभी वहां मौजूद सांसी गांव के लोगों ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया, जिससे 9 पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। पुलिस टीम पर हमला करने से सिविल लाइन अजमेर में पदस्थ भीमसिंह पिता जगमाल सिंह, रामविलास पिता भागीरथ बिश्नोई व पचोर थाने के अक्षय पिता नरेंद्र, मदन वर्मा पिता गंगाराम, रमेश पिता गीताम सिंह करनवास, गायत्री पिता भगवानसिंह करनवास, प्रदीप पिता अशोक शाक्य थाना बोड़ा, और पूजा मुवेल पिता प्यारसिंह थाना बोड़ा घायल हो गए। इनका उपचार बोड़ा के सिविल अस्पताल में किया गया। इसके बाद पुलिस ने अजमेर की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया है। इसके बाद जिलेभर के थानों की पुलिस ने दबिश देकर बड़ी मात्रा में अवैध शराब जप्त करते हुए शराब माफियों और चोरों के ठिकानों को ध्वस्त करने की कार्रवाई की है।

## संपादकीय

# सीरिया - पहले भी हुआ था विद्रोह

पिछले कुछ वर्षों में तानाशाह शासकों के खिलाफ विद्रोह और तख्तापलट की कई घटनाएं हो चुकी हैं। श्रीलंका और बांग्लादेश में भी कुशासन के विरुद्ध जनआक्रोश फूटा और सत्ता परिवर्तन हो गया। सीरिया इसका ताजा उदाहरण है, जहां विद्रोही गुटों ने बशर अल-असद का तख्तापलट कर दिया। पिछले ग्यारह दिनों के संघर्ष के बाद विद्रोही गुटों ने सीरिया की राजधानी दमिश्क पर कब्जा कर लिया। हालांकि असद सरकार के दमनकारी रवैये, कुशासन और तानाशाही के खिलाफ लोग काफी समय से नाराज थे। करीब तेरह वर्ष पहले असद को सत्ता से हटाने की मांग के साथ वहां जनआंदोलन उभरा था। मगर असद उस विद्रोह को दबाने में कामयाब रहे थे। इस बार सीरियाई सेना ने एक तरह से आत्मसमर्पण कर दिया और बिना किसी खून-खराबे के विद्रोही गुट हयात तहरीर अल-शाम यानी एचटीएस ने आसानी से दमिश्क पर कब्जा कर लिया। सीरिया में विद्रोह की चिंगारी तभी फूटी थी, जब कई अरब देशों में तानाशाहों के खिलाफ जनाक्रोश भड़का था, जिसे 'अरब स्प्रिंग' कहा जाता है। अब सीरिया में तख्तापलट का बड़ा कारण रुस और ईरान का मदद से हाथ खींच लेना माना जा रहा है। हालांकि सीरिया में विद्रोही गुट की कामयाबी पर एक बड़े हिस्से में खुशी जताई जा रही है। भारत ने भी वहां शांतिपूर्ण और समावेशी प्रक्रिया के तहत सत्ता हस्तांतरण की उम्मीद जताई है। पर यह सवाल अपनी जगह है कि क्या वास्तव में सीरिया में लोकतांत्रिक प्रक्रिया शुरु हो सकेगी। इसके पहले तानाशाही से मुक्त हुए लीबिया, अफगानिस्तान आदि देशों का उदाहरण सामने है, जहां तख्तापलट के बाद भी स्थितियां बेहतर होने के बजाय बदतर ही होती देखी गई हैं। सीरिया में भी विद्रोही गुट की कमान कट्टरपंथियों के हाथ में है, जो अल-कायदा से जुड़े रहे हैं। इसके अलावा, वहां कई देशों और अलगाववादियों के अपने स्वार्थ हैं। ईरान और रुस सीरिया के साथ इसलिए बने हुए थे कि सीरिया रणनीतिक रुप से मध्यपूर्व का एक महत्त्वपूर्ण देश है। ईरान को हमास और हिजबुल्ला जैसे चरमपंथी संगठनों के लिए साजो-सामान जमा करने के लिए सीरिया सबसे उपयुक्त जगह है। रुस का स्वार्थ तेल और मध्यपूर्व में अमेरिकी दबदबा रोकने को लेकर जुड़ा है। इसके अलावा, कुर्दिस्तान की मांग को लेकर कुर्द विद्रोहियों के अपने समीकरण हैं। एचटीएस में शामिल विद्रोही गुटों के भी अपने-अपने स्वार्थ हैं। इस तरह सत्ता हस्तांतरण के बाद वहां लोकतांत्रिक सरकार बन सकेगी और आम लोगों के हितों को ध्यान में रखते हुए समावेशी नीतियां बन सकेंगी, कहना मुश्किल है।

**OSHO कहिन**

**ध्यान कोई अभ्यास नहीं है, यह एक जीवनशैली है।**



## ज्ञान-विज्ञान

# अब मच्छर अपने डंक से लगाएगा मलेरिया की वैक्सीन... वैज्ञानिकों की नई खोज



सभी जानते हैं कि मलेरिया कैसे फैलता है. कैसे होता है. मच्छरों की वजह से. पर अगर वही मच्छर आपको मलेरिया से बचाने लगे तो कैसे लगेगा. वैज्ञानिकों ने ऐसी वैक्सीन बना ली है, जो मच्छरों में डाली जा सकती है. इस वैक्सीन से लैस मच्छर आपको काटेगा तो मलेरिया होगा नहीं बल्कि उससे बचाव मिलेगा.

यह मलेरिया का सेकेंड जेनरेशन वैक्सीन है. जिससे इलाज करना काफी ज्यादा फायदेमंद दिख रहा है. 9 लोगों पर यह वैक्सीन की टेस्टिंग की गई. इसमें से आठ लोग मलेरिया मुक्त साबित हुए. जबकि एक को पुराने जेनरेशन वाली मलेरिया वैक्सीन दी गई थी.

इस वैक्सीन को नीदरलैंड्स की रैडबाउंड यूनिवर्सिटी और लीडन यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने मिलकर बनाया है. उसमें प्लासमोडियम फाल्सीपैरम पैरासाइट का कमजोर जेनेटिक वर्जन डाला गया है. इस GA2 वर्जन पैरासाइट से मलेरिया होता नहीं बल्कि शरीर में उससे इम्यूनिटी बनती है. जीए2 पैरासाइट अपने पहले वर्जन यानी जीए1 के बजाय लिवर में डेवलप होने में बहुत समय लेता है. ऐसे में लिवर इससे फाइट करने वाले सिस्टम को एक्टिवेट कर देता है. बस फिर मलेरिया होने का चांस खत्म हो जाता है.

वैक्सिनोलॉजिस्ट मेटा रोएस्टेनबर्ग ने कहा कि इन पैरासाइट को मच्छरों में भी डाला जा सकता है. ताकि जब ये इंसानों को काटे तब ये पैरासाइट इंसान के शरीर में चला जाए. इससे उसे मलेरिया से बचाव मिलेगा.

इस पैरासाइट का जेनेटिक डेवलपमेंट रोक दिया गया है. इसलिए यह इंसानी खून के जरिए लिवर तक जाकर बीमारी पैदा नहीं कर सकता. अभी यह प्रयोग कुछ समय के लिए इंसान को मलेरिया से बचाता है. भविष्य में इसे और ताकतवर बनाने की तैयारी चल रही है. जीए2 वैक्सीन इंसानी इम्यून सिस्टम को ज्यादा एक्टिवेट करता है. इसका असर ज्यादा देर तक रहता है. लेकिन दिनों में. कई महीनों तक नहीं होगा. इसके कुछ छोटे साइड इफेक्ट्स भी हैं.



जीए2 वैक्सीन वाला मच्छर जब इंसान को काटेगा तब काटने वाली जगह पर लाली छा जाएगी. खुजली होगी. लेकिन थोड़ी देर ही. हर साल दुनिया में 25 करोड़ लोग मलेरिया से बीमार पड़ते हैं. हजारों लोग मारे भी जाते हैं.

इस समय जो भी वैक्सीन हैं, वो वर्तमान आबादी का सिर्फ 50 से 77 फीसदी हिस्सा ही सुरक्षित रख पाती हैं. वो भी एक साल से ज्यादा नहीं. इसलिए अब मच्छरों के डंक को ही मलेरिया वैक्सीन की सुई बनाने की तैयारी चल रही है.

New Delhi

# गाजियाबाद में पैदल ही NH-9 हाईवे पार कर रहे लोगों को अज्ञात वाहन ने रौंदा, 3 की दर्दनाक मौत

**गाजियाबाद**। गाजियाबाद में क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना क्षेत्र में NH-9 को पैदल पार करते समय अज्ञात वाहन ने चार लोगों को रौंद डाला। हादसे में दो महिलाओं समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। घायल महिला का दिल्ली के अस्पताल में इलाज चल रहा है। हादसे का शिकार हुए लोग मंगलवार देर रात एक शादी समारोह में शामिल होकर वापस लौटते वक्त पैदल NH-9 पार कर रहे थे।

अधिकारियों के मुताबिक, मंगलवार रात क्रॉसिंग रिपब्लिक के थाना क्षेत्र में भारत पेट्रोल पंप के सामने सड़क हादसे की सूचना मिली थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की तो पता चला कि चार लोग




मुरादाबाद में आयोजित शादी समारोह में शामिल होकर वापस लौटे थे। भारत पेट्रोल पंप पर उतरने के बाद वह पैदल NH-9 को पार करने लगे। बताया जा रहा है कि इसी दौरान एक अज्ञाक तेज रफ्तार वाहन ने चारों को रौंद डाला। हादसे में गौतमबुद्धनगर जिले के दादरी के मोहल्ला ठाकुरान ब्रह्मपुरी में रहने वाले पवन कुमार की मौके पर मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल तीन घायल महिलाओं को एंबुलेंस की सहायता से अस्पताल भेजा गया।

एसीपी वेव सिटी लिपि नगायच ने बताया कि नोएडा के अस्पताल में दो महिलाओं की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक महिलाओं की पहचान माता कॉलोनी विजयनगर स्थित सरकारी स्कूल के पास रहने वाली 38 वर्षीय सुनीता और 45 वर्षीय नेहा के रूप में हुई है।

Bihar

## बच्चों की उंगलियां तोड़ीं, बड़ों के सिर फोड़े... बारात में घुसे 20 बदमाशों ने छीने जेवर, मचाई लूट



**नवादा**. बिहार के नवादा में उपद्रवियों का तांडव देखने को मिला है. यहां शहर के सोनारपट्टी मोहल्ले में सोमवार की देर रात उपद्रवियों ने एक शादी की बारात में शामिल लोगों के साथ लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया गया है. साथ ही उन लोगों के साथ मारपीट भी की गई. इस हमले में 2 बच्चे और महिला समेत 15 लोग बुरी तरह जख्मी हो गए. हमलावरों ने दूल्हे के वाहन और बारात में बज रही डीजे को भी नुकसान पहुंचाया.बताया जा रहा है कि बारात शहर के गढ़ पर मोहल्ले से मिर्जापुर स्थित माहुरी धर्मशाला की ओर जा रही थी. इसी बीच उपद्रवियों ने सोनार पट्टी रोड में बारातियों पर अचानक हमला कर दिया और लोगों के गले और कानों से जेवर भी छीन लिए.

बारात में शामिल लोगों को कहना है करीब 20 की संख्या में रहे उपद्रवियों ने बारात में शामिल लोगों से बेरहमी से मारपीट कर कई लोगों का सिर फाड़ दिया. बच्चों की अंगुलियां तोड़ दीं. एक बच्चे का तो नाखून ही बेरहमी से कबाड़ दिया.वहीं एक महिला से मारपीट कर कान से झुमके और एक युवक के गले से सोने के चेन को भी छीन लिया गया है. घायलों में से एक मोहल्ले के गुड्डू कुमार का सिर फोड़ दिया गया, प्रिंस राज का नाखून कबाड़ दिया गया है,शौर्य कुमार को बेरहमी से मारपीट कर गले से सोने की चेन को छीन लिया गया है , रागिनी गुप्ता से मारपीट कर कान का झुमका छीन लिया गया है, अंजनी कुमार का सिर फोड़ दिया गया है.

Uttarpradesh

## केरल से सहारनपुर आई प्रेमिका ने काटा ऐसा बवाल, निकाह से पहले प्रेमी दूल्हे को उठा ले गई पुलिस, फिर हुआ ये

**सहारनपुर.** यूपी के सहारनपुर में एक शादी समारोह में उस वक्त हंगामा हो गया, जब मौके पर दूल्हे की प्रेमिका पहुंच गई. केरल से आई प्रेमिका ने चीखते-चिल्लाते हुए प्रेमी की शादी रुकवा दी. प्रेमिका का कहना था कि लड़के ने उससे शादी का वादा किया था, लेकिन अब वो चोरी-छिपे किसी और से शादी कर रहा है. दरअसल, घटना मंगलवार शाम की है जब शेरपुर निवासी दूल्हा दिलबहार बारात लेकर गागलहेड़ी पहुंचा था. निकाह की तैयारियां चल रही थीं, तभी केरल से आई एक युवती ने खुद को दूल्हे की प्रेमिका बताते हुए शादी रोकने की मांग की. रोकने पर चीखने-चिल्लाने लगी. युवती का कहना था कि वह दिलबहार के साथ पिछले सात साल से रिश्ते में है और उसने शादी का वादा किया था. युवती ने बताया कि दिलबहार केरल में फर्नीचर का काम करता था, वहीं उनकी मुलाकात हुई थी. उसने आरोप लगाया कि दिलबहार ने धोखा देकर उसे छोड़ दिया और अब दूसरी शादी कर रहा है. युवती ने दिलबहार के साथ अपने संबंधों के प्रमाण के तौर पर फोटोग्राफ्स दिखाए. उसने यह भी कहा कि 30 नवंबर को उसने केरल पुलिस में दूल्हे के खिलाफ शिकायत भी दर्ज कराई थी. मामले की गंभीरता को देखते हुए दुल्हन के परिजनों ने तुरंत दूल्हे और उसके पिता जुलफान को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया. बारातियों को बिना शादी के ही वापस भेज दिया. पुलिस ने दूल्हे और उसके पिता को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी.

Uttarakhand

## उत्तराखंड में दर्दनाक हादसा, गहरी खाई में गिरी कार; एक परिवार के 3 लोगों की मौत

**देहरादून**। उत्तराखंड में दर्दनाक हादसा सामने आया है। यहां के पौड़ी जिले के सतपुली क्षेत्र में मंगलवार को एक कार के गहरी खाई में गिरने से उसमें सवार एक ही परिवार के तीनों सदस्यों की मौत हो गई। इस हादसे की जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि, हादसा गुमखाल के पास द्वारीखाल में हुआ जहां कार अचानक अनियंत्रित होकर मुख्य सड़क से नीचे लगभग 300 मीटर गहरी खाई में गिर गई जिससे उसमें सवार तीनों व्यक्तियों की मौके पर ही मौत हो गई। तीनों एक ही परिवार के थे।

घटना की जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि दुर्घटना के समय परिवार दिल्ली से पौड़ी जिले में स्थित अपने गांव कुठारगांव जा रहा था। इस दौरान ही कार गहरी खाई में गिर गई। सूचना मिलने पर राज्य आपदा प्रतिवादन बल (एसडीआरएफ) की टीम को मौके पर बुलाया गया जिसने खाई में उतर कर रस्सी और स्ट्रेचर की मदद से शवों को बाहर निकाला। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान विनोद सिंह नेगी (59), उनकी पत्नी चंपादेवी (57) और उनके 26 वर्षीय पुत्र गौरव के रूप में हुई है।

एसडीआरएफ के सेनानायक अर्पण यदुवंशी ने बताया कि आज जनपद पौड़ी के थाना सतपुली के माध्यम से गुमखाल के पास द्वारिखाल में एक वाहन कार संख्या डीएल-10सीयू 6560 के खाई में गिरने की सूचना मिली। इस पर, पोस्ट सतपुली से एसडीआरएफ टीम उप निरीक्षक प्रेम प्रकाश के नेतृत्व में आवश्यक रेस्क्यू उपकरणों के साथ घटनास्थल गई। जहां दुर्घटनाग्रस्त कार में एक महिला व दो पुरुष के शव मिले। जो एक ही परिवार के सदस्य थे।

खेल

# दीपिका की हैट्रिक से भारत ने मलयेशिया को 5-0 से हराया

### जूनियर महिला एशिया कप हॉकी में लगातार दूसरी जीत

**मस्कट, (एजेंसी)** दीपिका की हैट्रिक की बदौलत गत विजेता भारत ने मलयेशिया को 5-0 से हराकर जूनियर महिला एशिया कप हॉकी में लगातार दूसरी जीत दर्ज की। यह टूर्नामेंट के इतिहास में भारत की मलयेशिया पर लगातार तीसरी जीत है। 2015 में भारत ने 9-1 से और 2023 में 2-1 से जीत दर्ज की थी। भारत ने पिछले मैच में बांग्लादेश को 13-1 से रौंदा था।

भारत के लिए इस मैच में दीपिका ने 37वें, 39वें और 48वें मिनट में गोल किया, जबकि वैष्णवी फाल्के ने 32वें और कनिका सिवाच ने 38वें मिनट में गोल किया। पेनाल्टी कॉर्नर हासिल करने के बावजूद मलयेशियाई रक्षण के आगे भारतीय टीम मध्यांतर तक कोई गोल नहीं कर पाई, लेकिन तीसरे क्वार्टर से स्थितियां बदल गईं। 32वें मिनट में वैष्णवी ने पेनाल्टी कॉर्नर को गोल में बदला।



पांच मिनट बाद दीपिका ने पेनाल्टी कॉर्नर पर ही गोल किया। 37वें मिनट में कनिका ने मैदानी गोल दागा। इसके बाद दीपिका ने पेनाल्टी स्ट्रोक और पेनाल्टी कॉर्नर पर गोल कर अपनी हैट्रिक पूरी की। छह अंकों के साथ गोल अंतर के आधार पर चीन के बाद भारत दूसरे स्थान पर है। दीपिका छह गोल के साथ टूर्नामेंट संयुक्त रूप से शीर्ष गोल स्कोरर हैं।

सिनेमा

## बॉक्स ऑफिस पर पुष्पा की सूनामी, मगर सलमान का रिकॉर्ड ब्रेक करने में अल्लू अर्जुन हुए नाकाम



अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा 2: द रूल' बॉक्स ऑफिस पर किसी भी पल रुकने का नाम नहीं ले रही है. फिल्म ने ऑडियंस के दिलों पर ऐसी पकड़ बना ली है, कि हर कोई इसे देखे बिना रह नहीं पा रहा है. फिल्म को रिलीज हुए पांच दिन का समय हो गया है, लेकिन ये अपने किरदार की तरह झुकने का नाम नहीं ले रही है. फिल्मी बिजनेस में सोमवार का दिन ऐसा माना जाता है जब सभी फिल्मों की रफ्तार धीमी पड़ ही जाती है.

लेकिन पुष्पा चूकी अब इंटरनेशनल खिलाड़ी बन चुका है, तो उसके तेवर भी इंटरनेशनल लेवल पर होंगे. फिल्म ने सोमवार को इतनी अच्छी कमाई की है, कि बाकी सभी फिल्मों के रिकॉर्ड्स उसके आगे फेल होते दिखे हैं. लेकिन इतने सारे रिकॉर्ड्स में अल्लू अर्जुन की फिल्म सलमान खान का एक रिकॉर्ड नहीं तोड़ पाई. 'पुष्पा 2: द रूल' थिएटर्स में 5 दिसंबर को रिलीज हुई थी. फिल्म ने अभी तक इंडिया और इंटरनेशनल मार्केट में अपना जलवा कायम रखा है. फिल्म ने हर उस हिंदी और साउथ फिल्म का रिकॉर्ड तोड़ा है जिसकी किसी ने उम्मीद नहीं लगाई थी. सोमवार को फिल्म ने 48 करोड़ रुपये की कमाई की, जो किसी भी तेलुगु या साउथ की फिल्म के लिए अब तक की सबसे बड़ी नॉन-हॉलिडे कलेक्शन है.

## Highlights

1. Himachal Governor's convoy meets with accident in UP, many injured
2. India evacuates 75 of its citizens as rebels take over Syria
3. Claim that goods train took over 3 yrs to reach destination false
4. Rahul Gandhi attends customers at kirana store in Delhi
5. Speeding SUV crashes into dhaba, crushes diners in Gujarat; incident caught on camera
6. Wake up, your silence toward B'desh is heartbreaking: ISKCON to UN

# Adani Ports withdraws from $553 million US loan deal for port terminal project in Colombo: Reports



**NEW DELHI, (Agency).** Billionaire Gautam Adani-owned Adani Ports and Special Economic Zone (APSEZ) Limited has withdrawn from a $553 million loan pact with the US International Development Finance Corporation (DFC) to develop a port terminal in Sri Lanka's capital Colombo, outlets such as Bloomberg, Reuters and PTI have reported.

Reports, based on a Monday night filing by APSEZ, claimed the company will finance the project through its internal accruals and capital management plan.

"The project will be financed through the company's internal accruals and capital management plan. We have withdrawn our request for financing from the DFC," the filing read.

The development comes amid the indictment of Adani and his aides in a US court for allegedly promising to pay $265 million to Indian government officials for solar energy projects, and concealing the plan as they sought to raise money from American investors.

Adani, the second-richest person in Asia behind compatriot Mukesh Ambani, and Adani Ports have rejected the bribery charge.

However, the indictment has kicked up a political storm in India, where opposition parties have repeatedly accused Prime Minister Narendra Modi of 'favouring' the industrialist. Both are from the same state, Gujarat.

Separately, Sri Lanka's newly-elected President, Anura Kumara Dissanayake, will be in India from December 15-17 for his maiden foreign visit after taking office.

The Colombo Port project

The loan agreement for the Colombo port terminal was signed last year amid US enthusiasm to offer an alternative to China for infrastructure investment in the developing world.

While no portion of the financing has been disbursed, construction work has commenced for the project, which has local partners as well.

Meanwhile, the Adani Ports' statement made no mention of his indicment in America.

# सुप्रीम फैसिलिटी मैनेजमेंट लिमिटेड का आईपीओ आज खुलेगा

मुंबई। **सुप्रीम फैसिलिटी मैनेजमेंट लिमिटेड, जो समग्र इंटीग्रेटेड फैसिलिटी मैनेजमेंट और सपोर्ट सर्विसेज में विशेषज्ञता रखता है, अपनी प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) बुधवार, 11 दिसंबर, 2024 को खोलने का प्रस्ताव करता है। इस आईपीओ के माध्यम से 50 करोड़ जुटाने का लक्ष्य है (कीमत बैंड के ऊपरी स्तर पर), और इसके शेयर NSE Emerge प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध होंगे।**

इश्यू साइज 10 प्रति अंकित मूल्य के 65,79,200 इक्विटी शेयरों तक है, जिसमें प्रति शेयर 72 - 76 का प्राइस बैंड है। आईपीओ से प्राप्त आय का उपयोग कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने, कंपनी के संचालन के अतिरिक्त उच्च मार्जिन वाले व्यवसायों के रणनीतिक अधिग्रहण के माध्यम से अवयवात्मक पहलों को बढ़ावा देने और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। यह इश्यू शुक्रवार, 13 दिसंबर, 2024 को समाप्त होगा।

इश्यू का बुक रनिंग लीड मैनेजर खांडवाला सिक्योरिटीज लिमिटेड है, और इश्यू का रजिस्ट्रार के.फिन टेक्नोलॉजीज़ लिमिटेड है। अमोल शिंगटे, सीईओ और निदेशक, सुप्रीम फैसिलिटी मैनेजमेंट लिमिटेड ने कहा, 'यह अत्यंत उत्साह के साथ है कि हम अपने आगामी आईपीओ की घोषणा कर रहे हैं। हमें यह साझा करते हुए खुशी हो रही है कि सुप्रीम फैसिलिटी का निरंतर विकास और सफलता जारी है। एकीकृत फैसिलिटी मैनेजमेंट (आईएफएम) और समर्थन सेवाओं के प्रदाता के रूप में, हम विभिन्न उद्योगों में अपने ग्राहकों को उत्कृष्ट मूल्य प्रदान करने के प्रति प्रतिबद्ध हैं।' श्री रिनव मांसेटा, एसोसिएट डायरेक्टर, खंडवाला सिक्योरिटीज लिमिटेड ने कहा, 'हम सुप्रीम फैसिलिटी मैनेजमेंट लिमिटेड के आगामी आईपीओ से जुड़े होने पर प्रसन्नता महसूस कर रहे हैं। यह कंपनी एकीकृत सुविधा प्रबंधन और समर्थन सेवाओं के क्षेत्र में सक्रिय है। जैसे-जैसे आईएफएम उद्योग तेजी से बढ़ रहा है, पेशेवर और सुव्यवस्थित सुविधा प्रबंधन समाधानों की बढ़ती मांग से प्रेरित होकर, कंपनी इस गति का लाभ उठाने के लिए अच्छी तरह से तैयार है।'

कटाक्ष




# यातायात व्यवस्था के सुधार हेतु राजमोहल्ला क्षेत्र में की गई रिमूव्हल कार्रवाई

### दुकानों के बाहर टीन शेड, ओटले और फुटपाथ से हटाया गया अतिक्रमण



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर।** कलेक्टर श्री आशीष सिंह, आयुक्त नगर निगम श्री शिवम वर्मा एवं अपर कलेक्टर श्री ज्योति शर्मा के निर्देश पर जिला प्रशासन, पुलिस और नगर निगम के अमले द्वारा आज यातायात सुधार एवं यातायात को सुगम बनाने की दृष्टि से झोन क्रमांक 02 राजमोहल्ला झोन के अन्तर्गत राजमोहल्ला चौराहा के आस पास में कुल 130 दुकानों के बाहर टीन शेड, ओटले और फुटपाथ से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई।

अपर आयुक्त श्री रोहित सिसोनिया ने बताया कि राजमोहल्ला चौराहे पर खालसा कॉलेज के कवर्ड पैसेज एवं वैष्णव ट्रस्ट के कॉमन पैसेज पर बने अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही की गई। जिसके अन्तर्गत निगम द्वारा दुकानों पर लगे हुए 60 टीन शेड, 30 ओटले तथा 40 फुटपाथ पर बने पक्के निर्माण हटाने की कार्यवाही की गई। साथ ही यातायात विभाग द्वारा फुटपाथ से 22 वाहनों की ज़ब्ती की कार्यवाही की गई। संयुक्त कार्यवाही में एसडीएम श्री राकेश परमार , यातायात थाना प्रभारी सीमा भंडारी, नगर निगम जोनल अधिकारी श्री विनोद अग्रवाल, सहायक श्री मयंक बेतव एवं रिमूवल प्रभारी श्री विनीत तिवारी सहित निगम की टीम एवं यातायात की टीम उपस्थित रही।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक